nt>

Title: Need to treat the telephone calls between Raskul and Birganj situated on Indo-Nepal border as local calls.

डा. मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया): सभापति जी, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान अपने क्षेत्र रक्सौल के टेलीफोन उपभोक्ताओं की तरफ दिलाना चाहता हूं। बीरगंज जो भारत नेपाल की सीमा पर स्थित है और मात्र एक किलोमीटर पर है। परन्तु रक्सौल से बीरगंज तक टेलीफोन का चार्ज अन्तर्राष्ट्रीय काल के रूप में लिया जाता है। दोनों शहरों को छोटी नदी सरीसवां बांटती है और दोनों शहरों के बीच में रहने वालों के बीच शादी ब्याह भी होता है। पहले लोकल चार्ज ही लिया जाता था।

मेरा सदन के माध्यम से अनुरोध है कि रक्सौल और बीरगंज के बीच टेलीफोन काल को लोकल काल के रूप में चार्ज किया जाये जिससे भारत और नेपाल के निवासियों के बीच भाई चारे की भावना बनी रहे।